**SYSCHEM (INDIA) LIMITED**
**Regd.Off.:**Village BARGODAM, Tehsil
Kalka, Distt. Panchkula (Haryana)
Tel.No.:0172-5070472;
CIN:L24219HR1993PLC032195,
Website:www.syschem.in;
Email:info@syschem.in

**Ref. No: SIL/2023-2024/8:4**

Dated: 15.03.2024

To
Deptt of Corporate Services,
BSE Limited
P.J. Towers,
Dalal Street,
**MUMBAI- 400 001**

**Subject: Advertisement- Notice of Postal Ballot**

Please find enclosed herewith the newspaper advertisement for the Postal Ballot Notice published in the following newspaper:

- Financial Express (English)
- Jansatta (Hindi)

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours sincerely
**For Syschem (India) Limited**

Shikha Kataria Digitally signed by Shikha Kataria Date: 2024.03.15 11:50:39 +05'30'

**Shikha Kataria**
**Company Secretary**
**M.No: A57304**

# शिमला में गहरी खाई में कार गिरने से तीन लोगों की मौत

शिमला, 14 मार्च (ब्यूरो)।

**चफलाह के समीप चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण हुआ हादसा।**

शिमला जिले के चौपाल उपखंड में कार गहरी खाई में गिर गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बुधवार की रात ढाबास-सराहन लिंक रोड पर चफलाह के पास उस समय हुई। वाहन चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान कमल प्रकाश, देव दत्ता और राजेश कुमार के रूप में हुई है। यह सभी चौपाल के निवासी थे।

शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस बीच नौ मार्च को लापता हुए दो लोगों के शव बुधवार को शिमला जिले में सतलुज नदी से बरामद किए गए। हरिसरन ने मंडी जिले के करसोग पुलिस थाने में नौ मार्च को गुमशुदगी की रपट दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि उनका पोता भीष्म कुमार अपने दोस्तों के साथ वाहन में तत्तापानी की ओर गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की थी। वाहन को 11 मार्च को सनौगी में सतलुज नदी में देखा गया जिसके बाद पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का दल वाहन को नदी के किनारे पर लाई। उन्होंने करसोग के निवासी भीष्म और उसके दोस्त रजत कुमार के शव बरामद किए।


## HIMACHAL PRADESH
### PUBLIC WORKS DEPARTMENT
### (INVITATION FOR BIDS (IFB)
### (e-Procurement Module)

Sealed item rate tender on form 6&8 are hereby invited by the Executive Engineer, Chamba Division HPPWD Chamba on behalf of the Governor of Himachal Pradesh for the following work from the approved and eligible contractors enlisted in HPPWD . So as to reach in his office on or before **23-03-2024 to 11:00 AM** and the same shall be opened on the same day at **11:30 AM**, in the presence of the intending Contractor or their authorized representatives if any. The tender form can be obtained from his office on cash payment ( Non refundable ) **on 22-03-2024 upto 4.00** PM and the application for issue of tender form shall be received on **21-03-2024 upto 12.00 noon**. The earnest money in the form of FDR from nationalized bank in HP duly pledged in favour of the Executive Engineer, Chamba Division HPPWD Chamba must be accompanied with each tender. The tender form will be issued to contractor who giving proof of enlistment, GST, Conditional tenders and the tenders received without earnest money will summarily be rejected. The offer of the tender shall be kept open for 75 days. The Executive Engineer, reserves the right to reject the tender without assigning any reason. Special care should be taken to write the rates both in figure and in words.

| Sr. No | Name of work | Estimated Cost | Earnest money | Cost of form | Time limit | Eligible Class |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Construction of Baily to Sanged road Km. 0/0 to 4/200 (SH:- C/O 6.00 MTR span R.C.C. culvert at RD 3/390) | 266835/- | 5337/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Baily to Sanged road Km. 0/0 to 4/200 (SH:- C/O 6.00 MTR span R.C.C. culvert at RD 3/390) | 479988/- | 9499/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Baily to Sanged road Km. 0/0 to 4/200 (SH:- C/O 6.00 MTR span R.C.C. culvert at RD 3/390) | 266835/- | 5337/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Baily to Sanged road Km. 0/0 to 4/200 (SH:- C/O 6.00 MTR span R.C.C. culvert at RD 3/?390) | 465320/- | 9306/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Sahoo to Kureel road km. 0/0 to 5/0 (SH:- C/O R/R masonry R/Wall at RD 0/190 to 0/230 | 460475/- | 9209/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Bhanera Kolka road Km. 0/0 to 5/370 (SH:- C/O PCC R/wall with pusta at RD 0/111 to 0/122) | 480199/- | 9604/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Maredi Sillaghrat road Km. 0/0 to 14/0 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 3/768.20 to 3/776.40) | 491973/- | 9839/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Maredi Sillaghrat road Km. 0/0 to 14/0 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 3/760 to 3/768.20) | 491973/- | 9839/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of 30.00 mtr. Span bridge on Gagala Nallah Chaned Chamdoli road Km. 0/0 to 5/300 (SH:- C/O PCC wing wall at RD 3/573 to 3/588) | 473611/- | 9472/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of 30.00 mtr. Span bridge on Gagala Nallah Chaned Chamdoli road Km. 0/0 to 5/300 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 3/582 to 3/585) (up/stream) | 165416/- | 3308/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Baat to Sail via Karunthu road Km. 0/0 to 1/800 near Govt. Senior Sec. School Baat (SH:- Providing protection work in wire crates in GSSS Baat from 0/700 to 0/725) | 341340/- | 6827/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Baat to Sail via Karunthu road Km. 0/0 to 1/800 near Govt. Senior Sec. School Baat (SH:- Providing protection work in wire crates in GSSS Baat from 0/700 to 0/725) (1st & 2nd layer) | 273182/- | 5463/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Baat to Sail via Karunthu road Km. 0/0 to 1/800 near Govt. Senior Sec. School Baat (SH:- Providing protection work in wire crates in GSSS Baat from 0/725 to 0/755) (3rd , 4nd & 5th layer) | 404418/- | 8088/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of link road to village Bani road Km. 0/0 to 1/200 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 0/328 to 0/360) | 499410/- | 9990/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of link road to village Bani road Km. 0/0 to 1/200 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 0/200 to 0/235) | 499359/- | 9990/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of link road to village Bani road Km. 0/0 to 1/200 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 0/370 to 0/308) | 493479/- | 9870/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on various road under Chamba Sub-Division No.I HPPWD Chamba (SH:- Hiring of excavator cum loader for removal of slips) | 495000/- | 9900/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Sultanpur Bari (portion Miyari Gala to Ora) (SH:- Construction of PCC R/Wall with Pusta at RD 2/283 to 2/291.20) | 499436/- | 9988/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Chamba Khajjiar road Km. 0/0 to 19/0 (SH:- C/O PCC B/wall with pusta at RD 8/495 to 8/500) | 360233/- | 7200/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Chamba Khajjiar road Km. 0/0 to 19/0 (SH:- C/O PCC B/wall with pusta at RD 8/490 to 8/495) | 360233/- | 7200/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Luddu Gharmani road Km. 0/0 to 8/0 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 1/317 to 1/323.20) | 493574/- | 9871/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Luddu Gharmani road Km. 0/0 to 8/0 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 1/323.20 to 1/328) | 381934/- | 7638/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Luddu Gharmani road Km. 0/0 to 8/0 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 2/495 to 2/507.70) | 496944/- | 9938/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of R/D on Ballu Sultanpur diversion road Km. 0/0 to 1/0 (SH:- Construction of PCC R/wall at RD 0/255 to 0/263) | 441634/- | 8833/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Satlai to Chubara road Km. 0/0 to 1/500 (SH:- F/C work at RD 0/450 to 0/585) | 495737/- | 10000/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Satlai to Chubara road Km. 0/0 to 1/500 (SH:- F/C work at RD 0/285 to 0/450) | 489468/- | 9800/- | 350/- | One Month | D & C |
| | A/R & M/O link road to village Daroga Km. 0/0 to 4/500 (SH:- C/O V-shape drain at RD 0/655 to 1/300) | 335312/- | 6700/- | 350/- | One Month | D & C |
| | A/R & M/O link road to village Daroga Km. 0/0 to 4/500 (SH:- C/O V-shape drain at RD 0/0 to 0/665) | 335312/- | 6700/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of PCC R/wall with RCC pusta at RD 0/0 to 0/005.25 in industrial area at Parel (SH:- C/O PCC R/wall with RCC Pusta at RD 0/0 to 0/001.50 | 281015/- | 5700/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of PCC R/wall with RCC pusta at RD 0/0 to 0/005.25 in industrial area at Parel (SH:- C/O PCC R/wall with RCC Pusta at RD 0/0 to 0/003.00 | 281015/- | 5700/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of Rain Damages Sillaghrat to Uil Road Km. 0/0 to 3/640 (SH:- Construction of Retaining wall at Rd 3/440-445/- | 363379/- | 7267/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of Rain Damages Sillaghrat to Uil Road Km. 0/0 to 3/640 (SH:- Construction of Retaining wall at Rd 3/435-440/- | 363379/- | 7267/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of Rain Damages Sillaghrat to Uil Road Km. 0/0 to 3/640 (SH:- Construction of Crate work at RD 1/710-742)/- | 302608/- | 6000/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Improvement of Black spot at various roads under Bhadram section of Sub Division No. 1 (SH:- Construction of PCC R/wall on Chamba Tissa road at RD 0/640-648) | 496295/- | 10000/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Improvement of Black spot at various roads under Bhadram section of Sub Division No. 1 (SH:- Construction of PCC R/wall on Chamba Tissa road at RD 0/640-648) | 496295/- | 10000/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of rain damages on Chamba Khajjiar road Km. 0/0 to 19/0 (SH:- Const. of PCC R/wall with Pusta at RD 1/340-350) | 3,86,334/- | 7800/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Construction of Sarol Manglasin road Km. 1/500 to 3/250 under BASP (SH:- F/C at RD 1/785-905) | 449717/- | 9000/- | 350/- | One Month | D & C |
| | Restoration of Rain Damages on Chamba Khajjiar road Km. 0/0 to 19/0 (SH:- Construction of PCC R/wall at RD 18/500 to 18/515) | 2,91,082/- | 5821/- | 350/- | One Month | D & C |

**TERMS AND CONDITIONS:-**

1. The contractor should produce a copy of enlistment /renewal at time of application .
2. Executive Engineer reserves the right to reject/cancel any or all the tenders without assigning any reasons.
3. The contractor /firm have his registration and GST No. the copy of same be attached with the application.
4. The earnest Money shall be deposited duly pledged in favour of executive Engineer, Chamba Division HPPWD Chamba and cost of tender form for the above works should be submitted with the application for the purchase of the tender forms. The application received without earnest money & cost of tender form shall summarily be rejected.
5. The contractor /firms are requested to insert the rate of each item in works as well as in figures failing which XEN reserves the right to accept/reject any tender without assigning any reasons at any stage.

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons there-of.

Executive Engineer,
Chamba Division HPPWD Chamba.

**6935/HP**


# लोगों से विश्वासघात करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी : मुख्यमंत्री

## बोले, पालमपुर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक धनराशि खर्च की जाएगी

धर्मशाला, 14 मार्च (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने जिला कांगड़ा के पालमपुर में जनसभा को संबोधित किया। पालमपुर में बीडीओ कार्यालय परिसर, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय कार्यालय निर्माण के लिए समुचित धन का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पालमपुर में शहीद स्मारक, पालमपुर अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापित करने तथा आपरेशन थियेटर का निर्माण करने, शहर के लिए सीवरेज स्कीम, ओबीसी भवन, पालमपुर बस अड्डे के विस्तारीकरण के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज बदेहड़-पट्टी रोड पर पुल का निर्माण, लिंगटी खड्ड-नगरी मणिमहेश सड़क, नागनी से लसेड़ु चिंबलहार पुल के निर्माण तथा राजपुर गोस्वामी गणेश दत्त कालेज के निकट रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा भी की। सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि भविष्य में पालमपुर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक धनराशि खर्च की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सभा चुनाव के दौरान छह कांग्रेस विधायकों ने बागी बनकर 'कास वोटिंग' की। उनमें कांगड़ा जिला के एक नेता भी शामिल हैं, जो स्वयं भी सरकार में मंत्री और युवा कांग्रेस के महासचिव रहे, लेकिन उन्होंने पार्टी को आघात पहुंचाया उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना सत्ता के छटपटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता विश्वास का हनन करने वालों को कभी माफ नहीं करेगी।

सुक्खू ने कहा कि 'वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर आम आदमी के विश्वास के लिए धन का प्रावधान कर रही है जबकि कुछ लोग पैसा खर्च कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठना चाहते हैं। ऐसे लोग जनता की क्या सेवा करेंगे। आज अगर मैं मुख्यमंत्री बना हूं तो यह जनता की ताकत है। धन-बल से कुर्सी की चाह रखने वालों को हिमाचल प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। वर्तमान सरकार पूरे पांच साल जनसेवा करेगी और पूरी इमानदारी के साथ काम करेगी।' मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने लंबित समस्याओं को हल किया तथा आर्थिक संकट, मानसून त्रासदी एवं राजनीतिक उथल-पुथल की चुनौतियों का सामना किया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 15 महीनों में किए गए कार्यों को जनता के दरबार में प्रस्तुत करेंगे।



पालमपुर में मंच पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### कांगड़ा को 509 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

पालमपुर स्थित विला कैमिलिया में सुक्खू ने 33 करोड़ 4 लाख की लागत से निर्मित जलशक्ति विभाग की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा 269 करोड़ 47 लाख से बनने वाली विभिन्न विभागों की 18 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। एक दिवसीय कांगड़ा जिले में इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने जयसिंहपुर, पालमपुर और सुलाह हलके में 492 करोड़ 34 लाख की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन किए। जिसमें जयसिंहपुर क्षेत्र में 140 करोड़ 67 लाख, पालमपुर में 302 करोड़ 51 लाख और सुलह क्षेत्र में करीब 50 करोड़ के विकास कार्य शामिल हैं।

### अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की



**शिमला:** मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से गुरुवार को शिमला में जेओए (आइटी) पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और परीक्षा का परिणाम घोषित करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है और निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए एक मंत्रिमंडल सब समिति का गठन किया और उसकी संस्तुति के आधार पर मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया।



**मनमोहक** मनाली में ताजा बर्फबारी के बाद अटल सुरंग के पास बर्फ से ढका क्षेत्र। पर्यटन स्थल सोलंगनाला में आधा फुट बर्फवारी हुई है।

# क्षय रोग मुक्त हिमाचल प्रदेश अभियान मंडी से शुरू

मंडी, 14 मार्च (जनसत्ता)।

क्षय रोग मुक्त हिमाचल प्रदेश कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को मंडी से निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डा गोपाल बेरी ने किया। इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डा रविंद्र को 'वीसीजी' का पहला टीका लगाकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डा गोपाल बेरी ने कहा कि टीका लगाने से व्यक्ति को क्षय रोग होने की कम संभावना हो जाती है। विभाग द्वारा पहले से पात्र व्यक्तियों की सूची बना ली गईं है, जिन्हें यह खुराक उनकी सहमति के पश्चात समीप के स्वास्थ्य केंद्र में दी जाएगी। इसमें पांच साल पुराने क्षय रोग के मरीज, उनके संपर्क में आने वाले व्यक्ति, साठ साल से अधिक आयु के व्यक्ति, अत्यंत दुबले-पतले व्यक्ति( कुपोषित), धूम्रपान करने वाले तथा मधुमेह से पीड़ित प्रमुख हैं।


## सिस्केम (इंडिया) लिमिटेड

**CIN: L24219HR1993PLC032195**

**पंजी. कार्यालय: गांव बारगोदाम, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा) वेबसाइट: www.syschem.in**

### डाकीय मतपत्र ई- वोटिंग की सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सिस्केम इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) ("कंपनी") के सदस्यों (सदस्यों) या शेयरधारकों को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकृटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 ("सेबी एलओडीआर विनियमों") के विनियम 44, भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी आम बैठक ("एसएस -2") पर सचिवीय मानक और अन्य सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार तथा सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 सामान्य परिपत्र 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, सामान्य परिपत्र 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, सामान्य परिपत्र 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 10/2020 दिनांक 23 जून, 2021, सामान्य परिपत्र 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, 03/2022 दिनांक 5 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 एवं 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और अन्य परिपत्र,यदि कोई हो ("एमसीए परिपत्र") के साथ पठित कंपनी एक्ट, 2013, अधिनियम के किसी भी अन्य लागू प्रावधान और उसके तहत बनाए गए नियम के किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुनः अधिनियमित होने के समय के लिए लागू, के नियम कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("प्रबंधन नियम"), कंपनी (नियुक्ति और योग्यता) की धारा 20 और 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 के प्रावधान और अन्य लागू प्रावधान के अनुवर्ती डाकीय मतपत्र/इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ('रिमोट ई-वोटिंग) के माध्यम से नीचे संलग्न प्रस्ताव का अनुमोदन मांगा है।

**ई-वोटिंग अवधि प्रारंभ होती है:**

**रिमोट ई-वोटिंग की शुरूआत 18 मार्च, 2024 से शुरू हो रही है**

**रिमोट ई-वोटिंग का समापन 16 अप्रैल, 2024**

प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, निरीक्षण के लिए दस्तावेज उपलब्ध होंगे जिनके ईमेल पते कंपनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.syschem.in पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

**सदस्यों द्वारा ईमेल पते को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका नीचे दिया गया है:**

- यदि इक्विटी शेयरों को भौतिक मोड में रखा जाता है, तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई कॉपी (आगे और पीछे), पेन (पेन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन कॉपी) और ईसीएस मैन्डेट वर्णित करने वाले आवेदन पत्र को प्रदान करने द्वारा beetalrta@gmail.com या info@syschem.in ईमेल द्वारा पर भेज सकते हैं।
- डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को डीपीआईडी सीएलआईडी( 16 अंक डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंक लाभार्थी आईडी) नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पेन (पेन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन्ड कॉपी), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन्ड कॉपी) और ईसीएस मैन्डेट प्रदान करें।

**ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का विवरण नीचे दिया गया है:**

- सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") के माध्यम से डाकीय मतपत्र के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय पर अपना वोट डालने का अवसर होगा। ई-वोटिंग की सुविधा ई-वोटिंग के दौरान उन सदस्यों को भी उपलब्ध कराई जाएगी जो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट का प्रयोग नहीं किया है। ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया डाकीय मतपत्र के नोटिस में प्रदान की जाएगी।
- वे सदस्य जो ईमेल प्राप्त नहीं करते हैं या जिनका ईमेल पता कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत नहीं है, वे डाकीय मतपत्र नोटिस में दिए निदेशों का पालन करके लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त कर सकते हैं। वही लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग डाकीय मतपत्र के माध्यम से ई- वोटिंग में भाग लेने के लिए भी किया जा सकता है।
- सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे डाकीय मतपत्र के नोटिस में निर्धारित सभी नोट्स और विशेष रूप से, ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते सिस्केम (इंडिया) लिमिटेड**
ह./-
**(रंजन जैन)**
**प्रबंध निदेशक**

**स्थान: चंडीगढ़**
**दिनांक: 15.03.2024**


# सीएए नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं : अनुराग

हमीरपुर, 14 मार्च (जनसत्ता)।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम एक ऐसा कानून है जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देगा, किसी की नागरिकता छीनेगा नहीं।

केंद्र सरकार ने सोमवार को सीएए-2019 को लागू करने की घोषणा की। विवादास्पद कानून को पारित किए जाने के चार साल बाद केंद्र के इस कदम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है। सीएए के नियम जारी हो जाने के साथ ही अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इन तीन देशों के प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारतीय नागरिकता देना शुरू कर देगी। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, 'सीएए नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं।' हमीरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और उन्हें 'दुनिया का सबसे बड़ा झूठा' करार दिया।

# उपायुक्त ने झंडा रस्म के साथ किया बाबा बालक नाथ मेले का उद्घाटन

हमीरपुर, 14 मार्च (जनसत्ता)।

धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास मेला गुरुवार से आरंभ हो गए। हमीरपुर के जिलाधीश एवं बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के आयुक्त अमरजीत सिंह ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, हवन और झंडा रस्म के साथ चैत्र मास मेलों का उद्घाटन किया। एक माह तक चलने वाले इन मेलों के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

झंडा रस्म और अन्य परंपराओं के निर्वहन के बाद जिलाधीश ने मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मेलों के संचालन के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। अमरजीत सिंह ने बताया कि चैत्र मास मेलों के दौरान बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

इस दौरान मंदिर को 24 घंटे खुला रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को आधिकारिक रूप से चैत्र मास मेले की समाप्ति के बाद भी दियोटसिद्ध में जून के आखिरी हफ्ते तक काफी भीड़ रहती है। इसलिए, मंदिर परिसर में इसी अवधि के अनुसार प्रबंध किए गए हैं।